# दिनांक 12.01.2024 को जिलाधिकारी, अलीगढ की अध्यक्षता में आयोजित जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जनपद अलीगढ में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य नोडल संस्था, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) अलीगढ द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा फेज–।। के अन्तर्गत सूचीबद्व फर्म मैसर्स ऑयन एक्सचेंज इण्डिया लि0 एवं फेज–।।। के अन्तर्गत सूचीबद्व फर्म मैसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक एवं मैसर्स कल्प–तारू पॉवर ट्रासमिशन लि0 (जे0एम0सी0 लि0) द्वारा कराया जा रहा है। उक्त बैठक में निम्नानुसार अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः–

1. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), अलीगढ़।
2. सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), अलीगढ़।
3. डिजाइन कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, अलीगढ़।
4. डी.पी.एम., टी.पी.आई., आरवी एसोसियट आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कंसलटेण्ट प्र.लि., अलीगढ़।
5. जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू., अलीगढ़।
6. परियोजना निदेशक, मैसर्स आयन एक्सेंचज इण्डिया लि0, अलीगढ़।
7. परियोजना प्रबन्धक, मैसर्स कल्प–तारू पावर ट्रांसमिशन लि0(जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट), अलीगढ़।
8. परियोजना प्रबन्धक, मैसर्स पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक, अलीगढ।

**आयोजित बैठक में निम्न बिन्दुओं पर फर्मवार समीक्षा की गयी :–**

**मैसर्स कल्प–तारू पावर ट्रांसमिशन लि0, अलीगढ़।**

1. **ट्यूबैलों की समीक्षाः–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फेज–3 के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स कल्प–तारू द्वारा लक्षित 159 नलकपों के सापेक्ष 151 नलकूपों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 137 नलकूप पूर्ण कराये गये है, जिस पर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अवशेष नलकूपों पर शीध्र कार्य प्रारम्भ करते हुये प्रति सप्ताह 05 नकलूप पूर्ण करते हुये समस्त नलकूपों को दिनांक 13.02.2024 तक ओ.पी. यूनिट से विकसित कर पूर्ण किया जाये।

2. **शिरोपरि जलाशयों (ओ0एच0टी0)की समीक्षाः–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा लक्षित 157 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 142 नग अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा 15 नग अवर जलाशय पर कार्य प्रारम्भ नहीं कराये गये है तथा प्रारम्भ कराये गये 142 नग अवर जलाशयों में 05 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है, 13 नग अवर जलाशयों का कार्य 76 प्रतिशत से 99 प्रतिशत, 40 नग अवर जलाशयों का कार्य 51 प्रतिशत से 75 प्रतिशत, 58 नग अवर जलाशयों का कार्य 26 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तथा 26 नग अवर जलाशयों का कार्य 0 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक पूर्ण हुआ है, जिसपर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि 0 से 25 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 10.02.2024 तक, 26 से 50 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 20.03.2024, 51 से 75 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 12.03.2024 एवं 76 से 99 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 12.02.2024 तक पूर्ण कराया जाये।

3. **वितरण प्रणाली, एफ.टी.सी. तथा रोड रैस्टोरेंशन की समीक्षा :–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा लक्षित 1142 कि.मी. पाइप लाइन के सापेक्ष 878 कि.मी. पाइप लाइन बिछायी गयी है, जिस पर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है कि प्रतिदिन औसतन 03 कि.मी. पाइप लाइन बिछाते हुये 21 कि.मी. पाइप लाइन प्रति सप्ताह बिछाते

हुये दिनांक 12.04.2024 तक पाइप लाइन का कार्य पूर्ण किया जाये एवं हाइड्रो टेस्टिंग, एफ.एच.टी. सी. तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पाइप लाइन बिछाने के साथ ही किया जाये जिससे जन मानस को न्यूनतम कठिनाई का सामना करना पड़े, फर्म द्वारा लक्षित 63559 नग एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष 38358 नग एफ.एच.टी. सी. दिनांक 12.01.2024 तक प्रदान किये गये है जोकि 60.35 प्रतिशत है, जिसे दिनांक 12.04.2024 तक पूर्ण करने हेतु महोदय द्वारा प्रतिदिन औसतन 181 की दर से प्रति सप्ताह 1270 नग एफ.एच.टी.सी. पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, बिछायी गयी पाइप लाइन 878 के सापेक्ष मात्र 156 कि.मी. पाइप लाइन का रोड़ रेस्टोरेशन ही किये जाने पर महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन औसतन 11 कि.मी. पाइप लाइन का रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करते हुये प्रतिसप्ताह औसतन 76.67 कि.मी. पाइप लाइन का रेस्टोरेंशन का कार्य पूर्ण करें एवं दिनांक 12.04.2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

मैसर्स पी.एन.सी. इंफ्राटेक प्रा0 लि0, अलीगढ़।

1. <u>ट्यूबैलों की समीक्षा:–</u>

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फेज–3 के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स पी.एन.सी. द्वारा लक्षित 418 नलकपों के सापेक्ष 400 नलकूपों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 315 नलकूप ओ.पी. यूनिट से विकसित कर पूर्ण कराये गये है, महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अवशेष नलकूपों को प्रतिसप्ताह 26 नलकूप ओ.पी. यूनिट से विकसित करते हुये दिनांक 13.02.2024 तक ओ.पी. यूनिट से विकसित कर पूर्ण किया जाये।

2. <u>शिरोपरि जलाशयों (ओ0एच0टी0)की समीक्षा:–</u>

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा लक्षित 418 अवर जलाशयों के सापेक्ष 390 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है तथा अवशेष 28 नग अवर जलाशय में 18 अवर जलाशय नलकूप निर्मित न होने के कारण प्रारम्भ नहीं कराये गये है, शेष 10 अवर जलाशय 01 सप्ताह के अन्दर प्रारम्भ कर दिये जायेंगे तथा प्रारम्भ कराये गये 390 नग अवर जलाशयों में में 07 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है, 18 नग अवर जलाशयों का कार्य 76 प्रतिशत से 99 प्रतिशत, 42 नग अवर जलाशयों का कार्य 51 प्रतिशत से 75 प्रतिशत, 106 नग अवर जलाशयों का कार्य 26 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तथा 217 नग अवर जलाशयों का कार्य 0 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक पूर्ण हुआ है, जिसपर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि 0 से 25 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 10.02.2024 तक, 26 से 50 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 20.03.2024, 51 से 75 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 12.03.2024 एवं 76 से 99 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 12.02.2024 तक पूर्ण कराया जाये।

3. <u>वितरण प्रणाली, एफ.टी.सी. तथा रोड रेस्टोरेंशन की समीक्षा :–</u>

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा लक्षित 4688 कि.मी. पाइप लाइन के सापेक्ष 2394 कि.मी. पाइप लाइन बिछायी गयी है, जिस पर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है कि प्रतिदिन औसतन 26 कि.मी. पाइप लाइन बिछाते हुये 182 कि.मी. पाइप लाइन प्रति सप्ताह बिछाते हुये दिनांक 12.04.2024 तक पाइप लाइन का कार्य पूर्ण किया जाये एवं हाइड्रो टेस्टिंग, एफ.एच.टी. सी. तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पाइप लाइन बिछाने के साथ ही किया जाये जिससे जन मानस को न्यूनतम कठिनाई का सामना करना पड़े, फर्म द्वारा लक्षित 252911 नग एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष 150957 नग एफ.एच.टी.सी. प्रदान दिनांक 12.01.2024 तक प्रदान किये गये है जोकि 59.59 प्रतिशत है जिसे दिनांक 12.04.2024 तक पूर्ण करते हेतु महोदय द्वारा प्रतिदिन औसतन 860 की दर से प्रति

सप्ताह 5743 नग एफ.एच.टी.सी. पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, बिछायी गयी पाइप लाइन 2394 के सापेक्ष मात्र 126.23 कि.मी. पाइप लाइन का रोड़ रेस्टोरेशन ही किये जाने पर महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन औसतन 50.70 कि.मी. पाइप लाइन का रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करते हुये प्रतिसप्ताह औसतन 354.80 कि.मी. पाइप लाइन का रेस्टोरेंशन का कार्य पूर्ण करें एवं दिनांक 12.04.2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**मैसर्स आयन एक्सचेंज इण्डिया लि0, अलीगढ़।**

1. <u>ट्यूबैलों की समीक्षाः–</u>

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फेज–2 के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मैसर्स आयन एक्सचेंज द्वारा लक्षित 155 नलकपों के सापेक्ष 152 नलकूपों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से 152 नलकूप ओ.पी. यूनिट से विकसित कर पूर्ण कराये गये है, महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि अवशेष नलकूपों को इस माह के अंत तक पूर्ण कराया जाये।

2. <u>शिरोपरि जलाशयों (ओ0एच0टी0)की समीक्षाः–</u>

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा लक्षित 155 अवर जलाशयों के सापेक्ष 150 नग अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, प्रारम्भ कराये गये 150 नग अवर जलाशयों में 11 नग अवर जलाशयों का कार्य पूर्ण है, 13 नग अवर जलाशयों का कार्य 76 प्रतिशत से 99 प्रतिशत, 84 नग अवर जलाशयों का कार्य 51 प्रतिशत से 75 प्रतिशत, 38 नग अवर जलाशयों का कार्य 26 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तथा 04 नग अवर जलाशयों का कार्य 0 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक पूर्ण हुआ है, जिसपर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि 0 से 25 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 10.02.2024 तक, 26 से 50 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 20.03.2024, 51 से 75 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 12.03.2024 एवं 76 से 99 प्रतिशत प्रगति वाले अवर जलाशयों को दिनांक 12.02.2024 तक पूर्ण कराया जाये।

3. <u>वितरण प्रणाली, एफ.टी.सी. तथा रोड रेस्टोरेंशन की समीक्षा :–</u>

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया है कि फर्म द्वारा लक्षित 1336 कि.मी. पाइप लाइन के सापेक्ष 1265 कि.मी. पाइप लाइन बिछायी गयी है, जिस पर महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है कि औसतन 14 कि.मी. पाइप लाइन प्रति सप्ताह बिछाते हुये दिनांक 15.02.2024 तक पाइप लाइन का कार्य पूर्ण किया जाये एवं हाइड्रो टेस्टिंग, एफ.एच.टी.सी. तथा रोड रेस्टोरेशन का कार्य पाइप लाइन बिछाने के साथ ही किया जाये जिससे जन मानस को न्यूनतम कठिनाई का सामना करना पड़े, फर्म द्वारा लक्षित 76744 नग एफ.एच.टी.सी. के सापेक्ष 60462 नग एफ.एच.टी.सी. प्रदान दिनांक 12.01. 2024 तक प्रदान किये गये है जोकि 78.79 प्रतिशत है जिसे दिनांक 31.03.2024 तक पूर्ण करते हेतु महोदय द्वारा प्रतिदिन औसतन 210 की दर से प्रति सप्ताह 1470 नग एफ.एच.टी.सी. पूर्ण करने के निर्देश दिये गये, बिछायी गयी पाइप लाइन 1265 के सापेक्ष मात्र 171.91 कि.मी. पाइप लाइन का रोड़ रेस्टोरेशन ही किये जाने पर महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये कि प्रतिदिन औसतन 12.90 कि.मी. पाइप लाइन का रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करते हुये प्रतिसप्ताह औसतन 90.54 कि.मी. पाइप लाइन का रेस्टोरेंशन का कार्य पूर्ण करें एवं दिनांक 12.04.2024 तक समस्त कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि उपरोक्तानुसार दिये गये लक्ष्य के सापेक्ष कार्यों की प्रगति की निरंतर समीक्षा करते हुये अनुपातिक प्रगति प्राप्त न होने पर फर्मो को नोटिस दिया जाये साथ ही फर्मो को निर्देश दिये गये है कि उपरोक्त लक्ष्यों के अनुसार अपनी कार्य योजना प्रस्तुत करते हुये कार्य योजना के अनुसार वांछित मैनपावर, मशीनरी, निर्माण सामग्री

एवं इत्यादि का प्रबन्ध कर अनुपातिक प्रगति लाते हुये दिये गये लक्ष्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में फर्मों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

बैठक के अन्त में महोदय द्वारा समस्त संबंधित को दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

(इन्द्र विक्रम सिंह)
जिलाधिकारी
अलीगढ़

# कार्यालय जिलाधिकारी, जनपद–अलीगढ़।

पत्रांक 75 / सि0 /का0 गा0 / 02 दिनांक– 18-1-2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आदेशपालनार्थ :–

1. आयुक्त महोदय, अलीगढ मण्डल जनपद– अलीगढ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अलीगढ़।
4. अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि ट्यूबैल से सम्बन्धित अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
5. टीम लीडर, मैसर्स आरवी एसोसियट आर्किटेक्ट इंजीनियर्स एण्ड कंसलटेण्ट प्र.लि., अलीगढ़।
6. जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू., अलीगढ़।
7. समस्त कार्यदायी संस्थायें (ऑयन एक्सचेंज / पी0एन0सी0 इन्फ्राटेक / के0पी0टी0एल0)।

जिलाधिकारी
अलीगढ़।